वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 157 मंगलवार 1 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# राज्यपाल ने राजस्थान के विकास में सहभागिता के लिए किया आह्वान



## राज्यपाल बागडे को प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा छत्रपति संभाजी नगर में सम्मानित किया गया

जयपुर. कासं। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को स्थानीय प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा छत्रपति संभाजी नगर में सोमवार को सम्मानित किया गया। प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा राज्यपाल बागडे का अभिनंदन करने के साथ ही राजस्थान का राज्यपाल बनने पर प्रसन्नता जताई गई। राज्यपाल बागडे ने अपने अभिनंदन और सम्मान का आभार जताते हुए प्रवासी राजस्थानियों से आग्रह किया कि वे राजस्थान के विकास के लिए भी निरंतर अपनी भूमिका प्रदान करते रहे।

## रामलीला मैदान में 3 से 12 अक्टूबर तक सजेगा राम-दरबार

जयपुर. कासं

गुलाबी नगरी जयपुर, विश्व में अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित करने के लिए जानी जाती है। आधुनिक युग में समय अनुसार अपनी विरासत को भव्य बनाते हुए नई पीढ़ी भी इस कार्य में जुड़ी हुई है। जयपुर में रामलीला का एक समृद्ध इतिहास रहा है जिसे इस वर्ष एक भव्य और आधुनिक स्वरूप देते हुए 3 से 12 अक्टूबर को रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा जिसमें 12 तारीख को 50 फुट के रावण का दहन करना भी निश्चित किया गया है। इस वर्ष यह आयोजन सनातन धर्म महोत्सव समिति की ओर से आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज और आध्यात्मिक जगत के लोग जुड़े हुए हैं।

# नवनियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवनियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारी लोक सेवक के रूप में अनुशासन, प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और ईमानदारी से काम करें: शासन सचिव,पशुपालन**



जयपुर. शाबाश इंडिया

शासन सचिव, पशुपालन डॉ. समित शर्मा ने टोंक रोड स्थित पशुधन भवन में नव नियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारियों के प्रशिक्षण का ऑनलाइन शुभारंभ सोमवार को किया। इस अवसर पर संभागियों का स्वागत करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण उनकी कार्य क्षमता और दक्षता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा और वे इस प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाएंगे। शर्मा ने कहा कि विभाग के नए पशु चिकित्सा अधिकारी बहुत मूल्यवान साबित होंगे और विभागीय योजनाओं की क्रियान्विति एवं अपनी सेवाएं प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों से लोक सेवक के रूप में पूरी पारदर्शिता, विनम्रता, ईमानदारी, प्रतिबद्धता, अनुशासन और समयबद्धता के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि जानवरों की जान भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी मनुष्य की। उन्होंने कार्य के दौरान दया भावना के साथ काम करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि नवनियुक्त पशु चिकित्सकों को विभाग की संरचना, योजनाएं ओर हर तरह की गतिविधियों की जानकारी इस प्रशिक्षण के माध्यम से दी जाएगी। न केवल सैद्धांतिक बल्कि प्रशिक्षण के प्रायोगिक सत्र भी आयोजित होंगे, जिनके माध्यम से वे विभिन्न प्रकार की आवश्यक सर्जिकल प्रक्रियाओं में हैड्स ऑन ट्रेनिंग प्राप्त कर सकेंगे। प्रशिक्षण के बाद उनका लिखित और मौखिक मूल्यांकन भी किया जाएगा। प्रशिक्षण समाप्त होने पर उन्हें वेटनिरियंस ओथ भी दिलाई जाएगी। इस अवसर पर विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़, डॉ. प्रवीण सैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

|| श्री चन्द्रप्रभुजिनेन्द्राय नमः ||

# श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रप्रभुजी, कूकस (आमेर), जयपुर

# वार्षिक मेला

## शनिवार-रविवार, दिनांक 5 व 6 अक्टूबर, 2024

**कूकस चलो**

**मांगलिक कार्यक्रम**



**शनिवार, दिनांक 5 अक्टूबर, 2024**

प्रातः 8.15 बजे- वृहद् शान्तिधारा
प्रातः 9.15 बजे-चन्द्रप्रभु विधान पूजन
रात्रि 8.15 बजे- रात्रि भक्ति जागरण

श्री पूनमचन्द गोधा, श्री अशोक पाण्ड्या, श्री सुनील पाण्ड्या, श्रीमती मीनू सौगानी व श्री आयुष पाण्ड्या, श्रीमती आरूषि जैन व श्री वीर संगीत मण्डल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति

**रविवार, दिनांक 6 अक्टूबर, 2024**

प्रातः 8.15 बजे- वृहद् शान्तिधारा
प्रातः 9.15 बजे- चौबीस तीर्थंकर पूजन
दोपहर 3.00 बजे- मुनिश्री का प्रवचन
दोपहर 3.30 बजे- जिनेन्द्र कलशाभिषेक
सायं 4.30 बजे- सामूहिक गोठ

परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य

पावन सान्निध्य...




...मुख्य अतिथि ...
**श्री सुधान्शु जी - ऋतु जी कासलीवाल**
अध्यक्ष, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी

...अध्यक्षता ...
**श्री सुधीर जी - इन्द्रा जी जैन, एडवोकेट**
अध्यक्ष, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पद्मपुरा, जयपुर

...विशिष्ट अतिथि ...
**श्री पारस जी जैन 'आगरावाले'**
समाजसेवी

...विशिष्ट अतिथि ...
**श्री सत्येन्द्र जी - रेखा जी जैन**
समाजसेवी

... गौरवमयी सम्मान ...
**वास्तुविद् श्री राजकुमार जी कोठ्यारी**
अध्यक्ष, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी - राजस्थान

## श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री चन्द्रप्रभुजी, कूकस (आमेर-जयपुर)

- अध्यक्ष - बाबूलाल बाकलीवाल 94603-80440
- कार्याध्यक्ष - सुनील कुमार पहाड़िया 98290-19610
- उपाध्यक्ष - पदमचन्द संघी 98290-56198
- उपाध्यक्ष - अरुण कोड़ीवाल 99509-95883
- संयुक्त मंत्री - अखिलेश गंगवाल 94140-44492
- कोषाध्यक्ष - सुरेन्द्र कुमार जैन 93517-15386
- मंत्री - प्रदीपकुमार गोधा 86969-49128

- सदस्य - राजकुमार कोठ्यारी 94140-48432
- सदस्य - इन्द्रकुमार जैन 98291-60927
- सदस्य - दीपेश छाबड़ा 98290-26332
- सदस्य - मोहनलाल बूचरा 98290-19610

जैनमंत्रण

- सहवृत्त सदस्य - राकेश छाबड़ा 86969-01634
- मेला संयोजक - सहवृत्त सदस्य - केशव गोदीका (अज्जू) 94140-56066
- सहवृत्त सदस्य - राहुल बाकलीवाल 94146-06597

जैनमंत्रण

**विनीत : सकल दिगम्बर जैन समाज, जयपुर (राज.)**

मेला समिति सदस्य :- दिनेश पाटनी (जिन्नू) • योगेश टोडरका • सुरेश भौंच • प्रदीप ठोलिया • अरुणेश गंगवाल
सुनील पाटनी 'मोहनबाड़ी' • मनोज बाकलीवाल • सौरभ गोधा • संजय पाण्ड्या • मयंक भौंच • अतुल बोहरा • गौरव छाबड़ा

# 451वें वार्षिकोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

## वार्षिकोत्सव की पत्रिका का विमोचन, पद यात्रियों के जयकारों से गूंजा अतिशय क्षेत्र साखना

**साखना. शाबाश इंडिया**



श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र साखना में रविवार को आगामी 17 व 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव मेला रथ यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश सोनी ,मंत्री प्यारचंद जैन ने बताया कि अतिशय क्षेत्र में शांतिनाथ भगवान का 451वां वार्षिक उत्सव मेला रथ यात्रा को आयोजित करने के संबंध में बैठक में सर्वप्रथम क्षेत्रपाल बाबा के समक्ष दीप प्रजवलन कर श्रीफल चढ़ाया गया तत्पश्चात भगवान शांतिनाथ से आशीर्वाद लेकर नौ बार णमोकार महामंत्र का जाप किया गया । बैठक में उपस्थित सदस्यों के विचार विमर्श के पश्चात 17 अक्टूबर को प्रातः भगवान का अभिषेक शांतिधारा दोपहर में शांति मंडल विधान की पूजा सायंकाल महाआरती 48 दीपक से भक्तामर का पाठ एवं भजन संध्या 18 अक्टूबर को प्रातः अभिषेक शांतिधारा दोपहर में झंडारोहण, रथ यात्रा सम्मान समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री जी के कलशाभिषेक आदि कार्यक्रम करने के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। आसपास के क्षेत्र से आने वालों श्रद्धालुओ के लिए निशुल्क बसों की व्यवस्था के संबंध में निर्णय लिए गए बैठक में कैलाश चंद वेद जयपुर, मनीष बज देवडावास, प्रेमचंद देवडावास, शिखर चंद धुँआ, विमल चंद धुँआ, अनिल कुमार भरनी, पदम अजमेरा दुनी, महावीर प्रसाद सांखना, रमेश चंद नगर, निर्मल जैन टोंक , पवन कुमार बिलासपुरिया, बाबूलाल पदम कुमार, महावीर प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, सम्भीर मल सहित टोंक धुआं छान बंथली देवली टोडा मालपुरा पीपलू नगर निवाई जयपुर कोटा आदि स्थानों से समाज बंधु पधारे। मीडिया प्रभारी राजेश अरिहंत ने बताया कि रविवार को जैन फ्रेंड्स क्लब टोंक के सानिध्य में पद यात्रियों का एक दल सोनवा अरनियामाल निमोला होते हुए अतिशय क्षेत्र साखना पहुंचा।इसी प्रकार नगर जैन समाज के सानिध्य में भी पदयात्रा संघ अतिशय क्षेत्र साखना पहुंचा पद यात्रियों के जयकारों से संपूर्ण मंदिर परिसर गूंजायमान होकर भक्तिमय हो गया।पद यात्रियों ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर श्री फल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया सांयकाल 1008 दीपक सजाकर भगवान की महा आरती की गई। तत्पश्चात भक्तामर के पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। पद यात्रियों का प्रबंध समिति की ओर से माला दुपट्टा पहना कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

# दादूदयाल नगर में नवीन मंदिर में श्रीजी विराजमान हुए



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दादूदयाल नगर में उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी महाराज संघ के पावन सानिध्य में नवीन मंदिर निर्माण समिति की अगुवाई में पार्श्वनाथ महामंडल विधान की कि गई पूजा अर्चना श्रीमती लक्ष्मी जैन, महेंद्र -मृदुला जैन, भूपेंद्र- किरण, शैलेंद्र -रागिनी जैन परिवार ने झंडारोहण करके कार्यक्रम की शुरूआत की। मनोकामना पार्श्वनाथ चैत्यालय से पार्श्वनाथ भगवान की जिन प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर 351 सौभाग्यवती महिलाओं के द्वारा बैन्ड बाजों के साथ नाचते गाते हुए भव्य घट् यात्रा निकाली गई, कार्यक्रम के सूत्रधार विनीत छाबड़ा ने बताया कि श्री जी की भव्य शोभायात्रा दादूदयाल नगर में पानी की टंकी के पास सार्वजनिक गार्डन में पहुंची, जहां श्रीजी की भव्य शांति धारा कर अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि की कामना की गई।कार्यक्रम में उपाध्याय वृषभानंद जी मुनिराज के पावन सानिध्य सकल जैन समाज के सहयोग से विधानाचार्य नमन भैया दिल्ली के दिशा निर्देश में विभिन्न मंत्रोच्चारणों के द्वारा, संगीत कार रिषभ जैन के साज बाज के द्वारा 501 इंद्र इंद्राणियों द्वारा पार्श्वनाथ महामंडल विधान की भक्ति भाव के साथ श्रीफलों के द्वारा पूजा अर्चना की गई, इसी कड़ी में समाज समिति के अध्यक्ष सी.एम.जैन एवं मंत्री विनीत जैन ने बताया कि कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी जैन, महेंद्र -मृदुला , भूपेंद्र -किरण,शेलेन्द्र -रागिनी जैन के परिवार जनों के द्वारा झंडारोहण करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई , कार्यक्रम में सौधर्म इन्द्र अजित कुमार -प्रवीण कुमार, चित्र अनावरण पदम चंद जैन सेठी परिवार, दीप प्रज्जवलन लक्ष्मी देवी जैन, पाद प्रक्षालन अजित कुमार -प्रवीण कुमार जैन थाना गाजी, शास्त्र भेंट मनीष -अर्चना दोषी, भोजन पुण्यार्जक निर्मल कुमार, सुरेंद्रकुमार,अर्पित जैन सी .ए , पांड्या परिवार सहित सभी धर्मावलंबियों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया, समाजसेवी बलबीर बडजात्या ने बताया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व संध्या पर श्री मनोकामना पार्श्वनाथ चैताल्य पर 48 काव्य के भक्तामर पाठ का जाप किया गया, कार्यक्रम उपाध्याय वृषभानंद जी मुनिराज ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए अपने मंगलमय उदबोद्घन में बताया कि नवीन जिनालय का निर्माण कराकर भगवान विराजमान कराने वाले को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

# भगत सिंह भूले नहीं

भगत सिंह, सुखदेव क्यों, खो बैठे पहचान।
पूछ रही माँ भारती, तुम से हिंदुस्तान।।

भगत सिंह, आजाद ने, फूंका था शंख नाद।
आजादी जिनसे मिले, रखो हमेशा याद।।

बोलो सौरभ क्यों नहीं, हो भारत लाचार।
भगत सिंह कोई नहीं, बनने को तैयार।।

भगत सिंह, आजाद से, हो जन्मे जब वीर।
रक्षा करते देश की, डिगे न उनका धीर।।

मरते दम तक हम करे, एक यही फरियाद।
भगत सिंह भूले नहीं, याद रहे आजाद।।

मिट गया जो देश पर, करी जवानी वार।
देशभक्त उस भगत को, नमन करे संसार।।

भारत माता के हुआ, मन में आज मलाल।
पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से लाल।।

तड़प उठे धरती, गगन, रोए सारे देव।
जब फांसी पर थे चढ़े, भगत सिंह, सुखदेव।।

भगत सिंह, आजाद हो, या हो वीर अनाम।
करें समर्पित हम उन्हे, सौरभ प्रथम प्रणाम।।

डॉ सत्यवान सौरभ

# वेद ज्ञान

## साधना के क्षेत्र में मन का महत्व

विचार, साधना और कर्म मानव जीवन के प्रमुख रूप से तीन अंग हैं। इनके फलस्वरूप मनुष्य विचारक, साधक और कर्मठ कहा जाता है। साधना और कर्म में अंतर है। जीवन के समस्त व्यापार अच्छे और खराब कर्म को कहते हैं। जब मनुष्य कर्मधारा को विशेष सद्दिशा में दृढ़ता से मोड़कर उसमें एकाग्रचित्त रहकर ध्यान जमाता है तब वहां उसका साधक स्वरूप दिखाई देता है। साधना के क्षेत्र में मन का बड़ा महत्व है। इसके चलते विचरण करते मन को स्थिर करके ही साधना में रत हुआ जाता है। एक मनुष्य में ये तीनों स्वरूप मिल सकते हैं। कोई अधिक विचारक हो सकता है तो कोई अधिक साधक अथवा अधिक कर्मठ। अधिक विचारक को दार्शनिक भी कहा जाता है। शंकराचार्य का अद्वैत विचारवाला रूप विचारक या दार्शनिक का है। गोविंद भक्ति अथवा संन्यासरत स्वरूप साधक का है। पानी में डूबते समय माता से धर्मप्रचार की आज्ञा मांगने वाला रूप कर्मी या कर्मशील पुरुष का है। विनय पत्रिका में माया तथा मानस में नाम और राम का विवेचन करने वाले तुलसीदास जी विचारक या दार्शनिक हैं। बिंदुमाधव की छवि निहारने वाले, सत्संगनिरत और एकाग्रमन से विनयपत्रिका लिखने वाले तुलसीदास साधक स्वरूप हैं। दुखों से संघर्ष करने वाले, शैवों की उपेक्षा को हंसकर टालने वाले और मित्र टोडरमल के स्वर्गधाम गमन के उपरांत उनके पुत्रों को प्रबोध प्रदान करने वाले तुलसीदास कर्मठ स्वरूप ही हैं। मनुष्य की भांति राष्ट्र, साहित्य और धर्म के भी तीन स्वरूप होते हैं। प्रत्येक संप्रदाय, मत, जाति और समाज में ये तीनों अंग दर्शन, साधना तथा व्यवहार रूप में देखे जा सकते हैं। कोई मत या धर्म दर्शन-प्रधान हो जाता है तो कोई साधना या व्यवहार प्रधान। हिंदू धर्म दर्शन-प्रधान है। इसमें साधना भी बहुत फैली, लेकिन अब न साधना है और न व्यवहार। हालांकि साधना के नाम पर लोग कभी-कभी राम स्मरण कर लेते हैं, लेकिन देखा जाए तो दूसरों के हित के समान विश्व में कोई धर्म ही नहीं है और इसी प्रकार दूसरों को पीड़ा देने के समान अधर्म या पाप नहीं है। धर्म की ऐसी कल्याणकर और संपन्न परिभाषा मुश्किल से प्राप्त होती है। धारण करने वाला गुण ही तो धर्म है।

# संपादकीय

## अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण

समय पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 21- 23 सितम्बर, 2024 की तीन दिनी अमेरिका यात्रा कई मायनों में महत्त्वपूर्ण रही। उनकी यह यात्रा हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने और वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों के आदान- प्रदान के वास्ते क्वाड के अन्य सदस्य देशों यानी अमेरिका, जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के साथ ही यूक्रेन और गाजा में संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान खोजने और ग्लोबल साउथ की चिंताओं को दूर करने पर भी केंद्रित थी। जहां तक विलमिंगटन डेलावेयर में राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा 21 सितम्बर, 2024 को आयोजित क्वाडिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में प्राप्त भारत की उपलब्धियों का प्रश्न है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने इस मंच से अप्रत्यक्ष तौर पर चीन को संदेश देते हुए कहा कि हम सभी नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं, और भारत विस्तारवाद के स्थान पर विकासवाद का समर्थक है। जब प्रधानमंत्री ने कहा कि आज समुद्र और आसमान, दोनों सुरक्षित नहीं हैं, तो उनका संकेत चीन की तरफ था क्योंकि दक्षिण चीन सागर पर चीन इसलिए कब्जे का प्रयास कर रहा है कि उसमें उसके देश का नाम शामिल है। ऐसे बेहूदे तर्कों के आधार पर जब कोई देश अंतरराष्ट्रीय कानूनों का माखौल उड़ाता है, तो स्वयं तो उपहास का पात्र बनता ही है, साथ में पूरी दुनिया को भी संकट में डालता है। मोदी की यात्रा ने भारत को 14 सदस्यों वाले हिन्द-प्रशांत आर्थिक समृद्धि ढांचे (आईपीईएफ) को और नजदीक लाने में भी सहायता की है। यह पहल क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने 2022 में शुरू की थी। क्वाड- अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया तथा जापान चार देशों का चौगुट है, जो हिन्द-प्रशांत के भीतर मौजूद समस्याओं से निपटने और क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता और विस्तारवादी नीति पर लगाम लगाने के लिए बना है। इसीलिए चीन इस संगठन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करता रहता है। आज जबकि कई वैश्विक मंचों की अहमियत नहीं रह गई है, ऐसे में क्वाड लीडर्स के सम्मेलन में क्वाड के प्रति मोदी की प्रतिबद्धता और कहना कि यह संस्था बनी रहेगी, सदस्य देशों के बीच आपसी साझेदारी होगी तथा तालमेल भी बना रहेगा तो निश्चित ही पर चीन को नागवार ही गुजरेगा। क्वाड के चारों नेताओं की बातचीत के बाद क्लिमिंग्टन घोषणापत्र जारी किया गया। इसमें वैश्विक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुरक्षा, कृषि शोध, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचा, इंडो-पैसिफिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, महत्त्वपूर्ण और उभरती तकनीक, तटरक्षक सहयोग, अंडरसी केबल और डिजिटल कनेक्टिविटी, इंडो- पैसिफिक में प्रशिक्षण के लिए समुद्री पहल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार आदि पर भी अपने भावी सहयोग और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। **-राकेश जैन गोदिका**



# परिदृश्य

## निशाना

इजराइल अब हमास और हिजबुल्ला के प्रमुखों का इजराइल ने कर दिया सफाया, अब दोनों के खिलाफ लड़ेगा आरपार की लड़ाई अभी तक ईरान इस संघर्ष में नरम रुख अख्तियार किए हुए था, पर अब उस पर दबाव बढ़ेगा। हालांकि अप्रैल में इजराइल ने ईरान पर भी हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर गोले दागे थे। पर, उसके बाद वह संघर्ष आगे नहीं बढ़ पाया था। इजराइल अब हमास और हिजबुल्ला के खिलाफ आरपार की लड़ाई में जुट गया है। हमास के प्रमुख को उसने कुछ दिनों पहले मार गिराया था। अब उसके हवाई हमले में हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। शुक्रवार को इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में निशाने बना कर हिजबुल्ला के ठिकारों पर हमले किए। उसमें हिजबुल्ला के मुख्यालय पर बंकर भेदी बम गिराए गए, जिसमें नसरल्लाह मारा गया। इसे इजराइल की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। अब भी इजराल हिजबुल्ला को पूरी तरह खत्म करने पर अड़ा हुआ है। पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन आदि इजराइल के समर्थक पश्चिमी देशों ने कोशिश की थी कि इक्कीस दिनों के लिए इजराइल हमले रोक दे। मगर राष्ट्रपति बेजामिन नेतन्याहू ने उस प्रस्ताव को सीधे-सीधे ठुकरा दिया और कहा कि जब तक वह हिजबुल्ला को खत्म नहीं कर लेगा, तब तक हमले बंद नहीं करेगा। वह संकल्प उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के मंच से भी दोहरा दिया। नसरल्लाह के मारे जाने के बाद माना जा रहा है कि मध्यपूर्व में स्थितियां गंभीर हो सकती हैं। ईरान ने आपातकालीन बैठक बुला ली। अगर वह सीधे इस संघर्ष में कूदता है, तो सचमुच युद्ध खतरनाक रूप ले सकता है। अभी तक ईरान इस संघर्ष में नरम रुख अख्तियार किए हुए था, पर अब उस पर दबाव बढ़ेगा। हालांकि अप्रैल में इजराइल ने ईरान पर भी हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर गोले दागे थे। पर, उसके बाद वह संघर्ष आगे नहीं बढ़ पाया था। ईरान के इस संघर्ष में कूदने से बाकी अरब देशों पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बनेगा। पेजर और रेडियो बम धमाके करके इजराइल ने पहले ही हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार और अशक्त बना कर उसकी कमर तोड़ दी थी। अब उसके प्रमुख नसरल्लाह के मारे जाने के बाद कई लोगों का मानना है कि हिजबुल्ला खत्म हो जाएगा। इजराइल ने भी दावा किया है कि हिजबुल्ला के हर लड़ाके पर उसकी नजर है। मगर सच्चाई यह है कि हिजबुल्ला इस हमले से कुछ हतोत्साहित जरूर हुआ है, उसकी ताकत शायद कम नहीं हुई है। अब भी उसके पास लाखों घातक हथियार जमा हैं, जिनका इस्तेमाल वह इजराइल के खिलाफ कर सकता है। इसलिए इजराइल का ज्यादा ध्यान हिजबुल्ला के हथियारों का जखीरा नष्ट करने पर है। हालांकि युद्ध में जीत का सेहरा चाहे जिसके सिर बंधे, नुकसान दोनों पक्षों के आम लोगों को झेलना पड़ता है। मगर पिछले कुछ वर्षों से यह स्पष्ट है कि युद्ध की स्थितियों को टालने में जैसी भूमिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की होनी चाहिए, वह बिल्कुल नहीं दिखी है। उधर रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी है, इधर इजराइल-हमास और हिजबुल्ला का संघर्ष तेज होता जा रहा है। कोरोनाकाल के बाद से पूरी दुनिया आर्थिक संकटों का सामना कर रही है। आपूर्ति शृंखलाएं बाधित हैं। ऐसे में कुछ देशों की नाहक जिद और सनक की वजह से स्थितियां और चुनौतीपूर्ण हो रही हैं। मगर अमेरिका, ब्रिटेन आदि सुरक्षा परिषद में दबदबा रखने वाले देश अपने निजी स्वार्थों और आर्थिक समीकरणों के तहत चुप्पी साधे हुए हैं।



।। देवाधिदेव श्री 1008 आदिनाथाय नमः।।
अर्हं योग प्रणेता
मुनिश्री 108
प्रणम्य सागर जी
महाराज
ससंघ
के पावन सान्निध्य में जयपुर शहर में पहली बार
श्री दिगम्बर जैन नसियाँ भट्टारक जी नसियाँ प्रांगण में
दोनो दिन प्रातः 6.15 बजे से 9.45 बजे तक
दिनांक 3 अक्टूबर, 2024
भगवान मुनिसुव्रतनाथ विधान
दिनांक 4 अक्टूबर, 2024
वर्धमान स्तोत विधान
प्रतिदिन - प्रातः 8.15 बजे से गुरुदेव का मंगल प्रवचन
विशेष... विधान में बैठने वाले महानुभावों शुद्ध भोजन की व्यवस्था रहेगी।
विधान में बैठने वाले महानुभावों की संख्या समिति है।
अपना रजिस्ट्रेशन आज ही - अभी ही करवायें
संयोजक : रमेश बोहरा 98280 26629 • मनोज झांझरी 98290 63426
पदम बिलाला 93140-24888 • मनीष बैद 94140-16808
श्री मुनिसंघ सेवा समिति जयपुर
(बापू नगर जैन समाज द्वारा संचालित)
सुधान्शु कासलीवाल
परम संरक्षक
उमरावमल संघी
परम संरक्षक
ईजी.प्रदीप कुमार जैन
मुख्य समन्वयक
अध्यक्ष
• राजीव जैन गाजियाबाद
94140-54571
कार्याध्यक्ष
• सुरेन्द्र कुमार मोदी
86969 79825
महामंत्री
• नवीन संघी
93149-66771
कोषाध्यक्ष
• संजय पाटनी
93527 22022
एवं समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री मुनिसंघ सेवा समिति, जयपुर
: मुख्य संयोजक :
अतुल सौगानी
98292 89000
आलोक जैन
94140 70741
बापू नगर
अर्हं चातुर्मास समिति, जयपुर-2024
प्रबन्धकारिणी समिति
श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर
मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर
सुशील पहाड़िया (अध्यक्ष) 99285-57000
राजेन्द्र सेठी (मंत्री) 93149-16778
समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यगण
एवं
आदिनाथ महिला मण्डल, मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

# गार्डन बाजार में सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लिया





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और विभिन्न प्रकार के पौधों से लोगों को परिचित कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में तीन दिवसीय गार्डन बाजार का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के पौधों के प्रेमियों का शानदार उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्लांट लवर दीप कंवर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने रेंट ओ फ्लोरा इंस्टॉल नंबर 27 पर दिनेश शर्मा और राजीव अग्रवाल से मुलाकात की और बोनसाई पौधों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने राजीव अग्रवाल का इस गार्डन बाजार में आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया। दीप कंवर ने गार्डन बाजार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और आयोजकों का भी धन्यवाद किया। दीप कंवर ने गार्डनिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह न केवल हमें मानसिक शांति देती है, बल्कि हमारे पर्यावरण को भी स्वस्थ रखती है। पौधे लगाने से वायु की गुणवत्ता में सुधार होता है और हमारे चारों ओर हरियाली बढ़ती है। इस गार्डन बाजार के माध्यम से लोगों को पौधों की देखभाल और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का एक अच्छा अवसर मिला है।

# अयोध्या जी में डॉक्टर सुधीर आचार्य ''राष्ट्र सेवा धर्म अवार्ड'' से सम्मानित हुए

**अम्बाह. शाबाश इंडिया।** श्री रामजन्मभूमि अयोध्या जी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रामायण महोत्सव में आचार्य आनन्द क्लब के संस्थापक समाजसेवी डॉक्टर सुधीर आचार्य को उत्कृष्ट समाजसेवा कार्यों एवं जीवन आनंद के प्रशिक्षण द्वारा लोगों के जीवन को आनन्दमय बनाने के लिए राष्ट्रधर्म सेवा पुरुस्कार से समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया, यह सम्मान डॉ बी पी सिंह संयोजक अंतरराष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव परिषद, सांसद बलिया सनातन पाठक , एडवोकेट आर बी मेहता अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद दिल्ली द्वारा दिया गया ज्ञात रहे कि अयोध्या में आयोजित तीन दिवसीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन पर चम्बल अंचल के समाजसेवी सुधीर आचार्य मास्टर ट्रेनर मध्यप्रदेश राज्य आनन्द संस्थान अम्बाह को राष्ट्र सेवा धर्म पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुधीर आचार्य ने कहा कि ईश्वर ने मानव को प्रेम का दूत बनाकर भेजा है लेकिन वह मार्ग भटक गया और द्वेष, घृणा,जलन, भेद-भाव,लोभ,लालच के वशीभूत होकर परम स्वार्थी होता चला जा रहा है। जबकि प्रभु श्री राम अपने जीवन चरित्र से प्रेम, दया, करूणा, मैत्री, सदाचार का संदेश देते हैं, जाति-धर्म के भेद-भाव से मुक्त आचरण करते हैं,मगर हम उनके पथ का अनुगमन न करते हुए, उनके नाम पर अपनी स्वार्थ सिद्धि में रत हैं। यह स्वार्थ और भेद-भाव पूर्ण मार्ग हमारे कष्टों एवं दुःखों का बड़ा कारण है।वही उक्त कार्यक्रम में देश विदेश से आए कलाकारों ने रामायण पर आधारित अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस में नृत्य नाटिका, बैले, एकल नृत्य, लोक गीत, लोक नृत्य सम्मिलित थे, डॉक्टर आचार्य को बधाई देते हुए नगरवासियों ने इसे नगर के लिए गौरव का क्षण बताया हैं,और इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी हैं।



|| श्री महावीराय नमः ||

स्थापित : सन् 1947



# श्री महावीर दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, जयपुर

# जयपुर से श्री महावीरजी अमृत पदयात्रा

77 वीं

**जयपुर से प्रस्थान : गुरुवार, दिनांक 3 अक्टूबर, 2024**
**जयपुर वापसी : मंगलवार, दिनांक 8 अक्टूबर, 2024**

कार्यक्रम..

**गुरुवार, दिनांक 3 अक्टूबर, 2024**
संघी जी नसियाँ सायंकाल 6.00 बजे आरती के पश्चात् पदयात्रा प्रस्थान
रात्रि विश्राम कानोता

**शुक्रवार, दिनांक 4 अक्टूबर, 2024**
जैन मन्दिर मोहनपुरा प्रातः सामूहिक पूजन, कलशाभिषेक
रात्रि विश्राम भण्डाना

**शनिवार, दिनांक 5 अक्टूबर, 2024**
श्री दिगम्बर जैन धर्मशाला, दौसा
प्रातःकाल सामूहिक पूजन, कलशाभिषेक
श्री दिगम्बर जैन मन्दिर भाण्डारेज में
सायंकाल विशाल आरती एवं रात्रि विश्राम भाण्डारेज

**रविवार, दिनांक 6 अक्टूबर, 2024**
गढ रानौली प्रातःकाल भोजन
सायंकाल आरती, रात्रि विश्राम लालसर

**सोमवार, दिनांक 7 अक्टूबर, 2024**
गुढ़ाचन्द्र जी प्रातःकाल सामूहिक संगीतमय पूजन
कलशाभिषेक, सायंकाल आरती नादौती
रात्रि विश्राम खेड़ला-खेड़ली

**मंगलवार, दिनांक 8 अक्टूबर, 2024**
भव्य जुलूस के साथ श्री महावीरजी में मंगल प्रवेश
मध्याह्न संगोष्ठी, सायंकाल भव्य आरती
तत्पश्चात् जयपुर हेतु प्रस्थान



## ऐतिहासिक क्षण...

- सम्पूर्ण भारतवर्ष में सभी पदयात्राओं में सम्भवतः सर्वाधिक प्राचीन तथा अग्रणी पदयात्रा विगत 76 वर्षों से अनवरत् रुप से अग्रसर है।
- आज के काल खण्ड में जब आधुनिकताओं का प्रचलन है। श्री महावीर दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, द्वारा आयोजित यह पदयात्रा सम्पूर्ण पारम्परिक एवं साधुवाद के साथ अपने पारम्परिक स्वादिष्ट भोजन एवं पारम्परिक तरीके से धर्म पथ के अनुसार सभी कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ पिछले 75 वर्ष की विरासत को कायम रखते हुए 77 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है।
- आप सभी साधर्मी बन्धुओं से निवेदन है कि अधिकाधिक संख्या में पद-वन्दना में भागलेकर श्री महावीर भगवान के श्री महावीरजी में साक्षात् दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त करें।

जय महावीर।

विशेष :

- पदयात्री अपना सामान दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 सायं 5.00 बजे तक अजायबघर का रास्ता, किशनपोल बाजार, श्री महादेव मन्दिर के पास, पहुँचा सकते है।
- पदयात्रा में महिला पदयात्रियों हेतु समुचित व्यवस्था रहेगी।
- आपकी अग्रिम सूचना प्रार्थनीय है।

**पदयात्रा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करें**

**निवेदक एवं आयोजक : श्री महावीर दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, जयपुर**

कार्यालय : 400, जतीजी की हवेली, मनिहारों का रास्ता, जयपुर
सम्पर्क सूत्र : 0141-7962174 / 94139-70461 / 77408-63444
पदयात्रा से सम्बंधित किसी प्रकार की जानकारी के लिये निम्न लिखित नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं :
98290-16300 / 94143-59668 / 98290-88850 / 93516-35444 / 94143-11538

# मनुष्य पर्याय मिली है अच्छे कर्म करने के लिए: आर्यिका पवित्रमति माताजी



**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**

नौगामा जिला बांसवाड़ा। परम पूज्य आर्यिका पवित्रवती माताजी के सानिध्य में आज प्रातः 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर 1008 भगवान महावीर समवशरण मंदिर जी मे माता जी के सानिध्य में शांति धारा अभिषेक हुआ अभिषेक की पश्चात चातुर्मास पंडाल में जैन पाठशाला के छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से बड़े भक्ति भाव से पूजन की गई पूजन के पश्चात माताजी का मंगल आगमन हुआ। मंगल प्रवचन से पूर्व हार्ड पिपलिया घाटोल बागीदौरा इंदौर से पधारे हुए दर्शनाथीयो का श्री समाज चातुर्मास कमेटी द्वारा पगड़ी पहन कर तिलक लगाकर दुपट्टा उड़ा कर सम्मान किया गया सम्मान के पश्चात रेखा जैन विजेंद्र नानावटी द्वारा मृदुल स्वरों में मंगलाचरण किया गया। मंगलाचरण के पश्चात कारणवती माताजी पवित्रवती माताजी मंगल प्रवचन हुआ प्रवचन में माताजी ने कहां की मनुष्य पर्याय बड़ी मुश्किल से मिलती है बहुत अच्छे कर्म किए हैं तो ही मनुष्य पर्याय मिली है और मनुष्य अवतार पुनः कब मिले कुछ कहां जा सकता। 84 लाख योनियों में भटकने के बाद यह मनुष्य अवतार मिला है कुछ अच्छा करके जाओ उन्होंने दान की महिमा बताते हुए कहा कि दान ऐसा देना चाहिए की एक हाथ से दिया हुआ दूसरे हाथ को भी पता नहीं लगे ऐसा दान करना चाहिए प्रवचन के पश्चात विशाल सागर जी महाराज के परिजनों का चातुर्मास कमेटी द्वारा स्वागत किया गया एवं जैन पाठशाला के छात्रों को पुरस्कार वितरण किए गए कार्यक्रम का संचालन दीपक पंचोली द्वारा किया गया शाम को मंदिर की में 48 दीप विधान के के 48 दीप प्रज्वलित किए गए।

# राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ इकाई को मिला पांचवां स्थान



**चित्तौड़गढ़. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति एवं श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति का दो दिवसीय 29 वा राष्ट्रीय अधिवेशन मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर जी महाराज के सानिध्य में भाग्योदय तीर्थ सागर मध्य प्रदेश में संपन्न हुआ जिसमें 15प्रदेशों की 5000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।चित्तौड़गढ़ इकाई की अध्यक्ष मंजु सेठी ने बताया की चित्तौड़ से भी महिलाओं ने सागर अधिवेशन में भाग लिया।अधिवेशन में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें पलासना सजाओ प्रतियोगिता में राजस्थान अंचल की महिला महासमिति चित्तौड़गढ़ को पाचवां स्थान मिला व राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।संरक्षिका मनोरमा अजमेरा, नम्रता गदिया ने बताया कि महिलाओं ने कुंडलपुर तीर्थ बड़े बाबा आदिनाथ भगवान के दर्शन भी किए। इस अवसर पर मधु पाटनी,पूजा चांदवाड़,संगीता जैन,नीलम अजमेरा ,तारा गदिया व स्मिता जैन का विशेष सहयोग रहा।

### वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

# गांव करीरिया के चन्द्र प्रभु जैन मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

## भजन संध्या में संगीतमय णमोकार एवं भक्तामर अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने लिया बढ़चढ़कर भाग



**निवाई. शाबाश इंडिया।** सकल दिगम्बर जैन समाज एवं बड़ा जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज के आशीर्वाद से गांव करीरिया में संगीतमय भक्ताम्बर स्त्रोत्र अनुष्ठान एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें पुरुषों एवं महिलाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि शनिवार को जैन संगीत मण्डल द्वारा संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर अनुष्ठान किया गया जिसका शुभारंभ गायक सोभागमल सोगानी एवं गायक विमल जौंला एवं गायक विमल बड़ागांव ने संगीतमय णमोकार महामंत्र से शुरूआत की। इस दौरान समाज के लोगों ने भगवान चंद्र प्रभु के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल की अध्यक्ष शशी सोगानी सुनीता बड़ागांव शकुंतला छाबड़ा एवं सुनीता सांवलिया ने किया। भाणजा ने बताया कि मुख्य गायक कलाकार विमल जौंला गायक सोभागमल सोगानी एवं गायक विमल बड़ागांव गायिका हेमा बनेठा गायिका पिंकी कठमाणा ने संगीत के साथ णमोकार महामंत्र एवं पण्डित हितेश शास्त्री द्वारा रिद्धि मंत्रों का उच्चारण करके 48 भक्तामर पाठ श्लोकों की प्रस्तुतियां दी जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्तामर पाठ की रचना कर मण्डप पर दीप समर्पित किए।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# अखिल भारतीय श्रीमाल जैन जागृति संस्था का सामूहिक क्षमावाणी, गोठ एवं सम्मान समारोह आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**


अखिल भारतीय श्रीमाल जैन जागृति संस्था का सामूहिक क्षमावाणी, गोठ,सम्मान समारोह एवं ऋद्धि मंत्रों से भक्तामर दीप अर्चना का कार्यक्रम रविवार 29 सितंबर को मुरलीधर राणा जी की नसिया चूलगिरी जयपुर में पूरे भक्तिभाव एवं श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। संस्था के सचिव डॉ इन्द्र कुमार जैन के अनुसार श्रीमाल जैन समाज के 500 धमार्नुयायियों ने मुरलीधर राणा जी की नसिया में कार्यक्रम में भाग लिया। सर्वप्रथम आदिनाथ भगवान व आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन जिनेन्द्र कुमार, ललित, पद्मेश सेसा वाले लवकुश नगर के द्वारा किया गया। भक्तामर कलश स्थापना का सौभाग्य सुरेन्द्र, आयुष लालसोट वाले गुजर की थड़ी को प्राप्त हुआ ।इसके बाद रिद्धि मंत्रो द्वारा भक्तामर दीप अर्चना का भक्तिमय कार्यक्रम भजन गायक नवीन जैन एवं अहिंसा जैन के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें श्रीमाल समाज के आगंतुक महिला पुरुषों द्वारा भाव







नृत्य से आदिनाथ भगवान की स्तुति की व अंत मे महा आरती की गई। महा आरती का सौभाग्य महावीर, घनश्याम, हरीश, शान्त कुमार वजीरपुर वाले को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ जनों को धर्मग्रंथ और शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया । भाद्रपद मास में दशलक्षण, पंचमेरु, एवं रत्नत्रय के क्रमशः 10 दिन के, 5 दिन के व 3 दिन के उपवास करने वाले त्यागी तपस्वियों का सम्मान भी संस्था के द्वारा शाल व धर्म ग्रंथ प्रदान कर किया गया। समाज के विशिष्ट योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण करने, विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने वाले एवं विशिष्ट राजकीय सेवाओं में चयनित होने वाले मेघावी छात्रों का सम्मान उपहार प्रदान कर व माल्यार्पण कर किया गया। संस्था के द्वारा जयपुर से बाहर के विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों का भी सम्मान माला, साफा व मोमेंटो प्रदान कर किया गया। दस लक्षण महापर्व के समय संस्था के द्वारा आयोजित विभिन्न ऑनलाइन धार्मिक प्रतियोगिताओं में विजेता सदस्यों को पारितोषिक संस्था के द्वारा वितरण किया गया। इन सभी पारितोषिक वितरण के पुण्यार्जक राजमल , आशीष , दीपक जाखोदा वाले थे। संस्था के सभी सदस्यों ने गत वर्ष की गलतियों के लिए एक दूसरे से सभी से क्षमा याचना की। तत्पश्चात सभी के द्वारा वात्सल्य भोज का आनंद लिया। संस्था के कोषाध्यक्ष नवल जैन ने अवगत कराया कि संस्था का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत वर्ष है ।संस्था का लक्ष्य पूरे भारत मे निवास करने वाले श्रीमाल समाज के सदस्यों को एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है । सभी प्रकार की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों की सूचना सभी सदस्यों को व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है । संस्था के द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के आयोजन हेतु भूमि क्रय कर ली गई है जिसे विकसित करने हेतु समाज के सभी सदस्यों से सहयोग की अपील कार्यकारिणी द्वारा की गई । जिससे आने वाले वर्षों में संस्था की भूमि पर ही कार्यक्रम आयोजित किये जा सकें। कार्यक्रम आयोजन में अखिल भारतीय श्रीमाल जैन जागृति संस्था की मुख्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष अजय जैन, सचिव डॉ इन्द्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष नवल जैन, महिला मंडल अध्यक्ष रेणु जैन, सचिव संगीत जैन कोषाध्यक्ष चंचल जैन एवं युवा मंडल अध्यक्ष चमत्कार जैन, सचिव गोकुलेन्द्र जैन कोषाध्यक्ष सुनील जैन एवं तीनो कार्यकारिणी सदस्यों के साथ साथ क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही।



# सेंट्रल पार्क में फिर से संगीत गायन को पुनः शुरू करने की वरिष्ठ नागरिकों की मांग



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सेंट्रल पार्क में फिर से संगीत गायन को पुनः शुरू या वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रशासन से किया आग्रह। राजधानी जयपुर सेंट्रल पार्क में सीनियर सिटीजन द्वारा प्रातः शनिवार और रविवार को मधुर आवाज में संगीत गायन कि वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु मीडिया से गुहार लगाई। सीनियर सिटीजन ईश्वर प्रसाद ने बताया कि हम राजकीय अवकाश के दिन सेंट्रल पार्क में सुबह 6:30 से 8:30 तक प्रत्येक शनिवार रविवार को संगीत गायन व मनोरंजन कार्यक्रम करते हैं इसमें हम सभी का मन लगा रहता है कुछ समय से हमें यहां पर इस तरह से गाने और मनोरंजन करने के लिए मना किया जा रहा है जबकि संगीत हमें अवसाद से बाहर निकलता है इसी मौके पर उपस्थित स्थानीय पार्षद उत्तम शर्मा ने भी बताया कि इस तरह से बुजुर्गों के साथ यह अपमान गलत है मैं इस मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से बात करूंगा संगीत एक तरह से योग है हंसना भी योग है लोग यहां बैठकर एक दूसरे को हंसा कर खुश रख रहे हैं। उसमें किसी को ऑब्जेक्शन नहीं होना चाहिए। सरकार भी वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाएं देती है मेरा अधिकारियों से आग्रह है ऐसा कोई काम ना करें की वरिष्ठ नागरिकों के चेहरे की मुस्कान चली जाए।

# राजेन्द्र महावीर दैनिक भास्कर एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित हुए



**सनावद. शाबाश इंडिया**

जैन जगत के प्रखर चिंतक, ओजस्वी वक्ता, मंच संचालक, पर्यावरण विद्, अनेक पत्र-पत्रिकाओं में अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले मानद संपादक, शिक्षाविद, समाजसेवी, युवारत्न राजेन्द्र जैन महावीर को देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र समूह दैनिक भास्कर व सी.वी.रमन युनिवर्सिटी के तत्वावधान में दैनिक भास्कर टीचर एक्सीलेंस अवार्ड-2024 से सम्मानित कर उन्हें प्रशस्ति प्रदान की। महान गायक किशोर कुमार की जन्म भूमि खण्डवा के किशोर स्मृति सभागार में हुए भव्य आयोजन में राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी, आइसेक्ट समूह के अध्यक्ष व सी.वी. रमन विश्व विद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, कुलगुरु डॉ. अरुण जोशी, कुल सचिव रवि चतुर्वेदी, विधायक कंचन तन्वे आदि ने सम्मानित किया। इस अवसर पर दैनिक भास्कर समूह के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ प्रमुख नितिन चतुर्वेदी, खण्डवा युनिट संपादक अनिमेश शर्मा, युनिट हेड प्रवीण नेमा, राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीय, जिला अध्यक्ष अमित शर्मा सहित पाँच जिलों के प्रमुख शिक्षक व शिक्षाविद भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राजेन्द्र जैन महावीर ने अपने 27 वर्ष के शिक्षकीय सेवाओं एवं नवाचार के लिए अनेक मंचों से सम्मानित हो चुके है। कुशल लेखक व मोटिवेशनल स्पीकर के रुप में भी आपकी विशिष्ट पहचान है, वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश की विधानसभा के केबिनेट कक्ष में मंत्री एवं विधायकों के समक्ष शिक्षा के उन्नयन हेतु एवं बच्चों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने हेतु आपने अनेक मुद्दों को उठाया व अपनी ओर से महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये थे।

# सोनम पाटनी वुमेन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित



**लाडनूं. शाबाश इंडिया।** जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री लाडनूं की सोनम पाटनी को वूमेन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा वुमेन आइकॉन अवार्ड 2024 के खिताब से अलंकृत किया गया है। महिलाओं को समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाने वाला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सोनम पाटनी को शिक्षा व अभिनय के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए असाधारण योगदान के लिए दिया गया है। उन्हे यह खिताब अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार की घोषणा के साथ उल्लेख किया गया है कि सोनम पाटनी के समर्पण और जुनून ने उनके समुदाय में अनगिनत लोगों को प्रेरित करते हुए एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। सोनम सशक्तिकरण और लचीलेपन की भावना का प्रतीक हैं, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। अनेक हिंदी व राजस्थानी फिल्मों में अभिनय कर चुकी सोनम पाटनी को इससे पहले श्रेष्ठ अभिनेत्री,मिसेज राजस्थान, व नारी शक्ति अवार्ड सहित अनेक खिताब मिल चुके है। सोनम पाटनी को मिले इस सम्मान से समाज ने खुशी प्रकट की है व बधाई संदेश प्रेषित किए है।

# डा. राजेन्द्र कुमार जैन का किया सम्मान

## बापू नगर सम्भाग के परम संरक्षक बने





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन समाज बापू नगर सम्भाग के निवर्तमान मन्त्री डा.राजेन्द्र कुमार जैन के द्वारा विगत 35 वर्षो से सम्भाग में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने हेतु व दिगम्बर जैन समाज बापू नगर सम्भाग का परम संरक्षक बनाने पर सम्भाग द्वारा आयोजित सामूहिक क्षमावाणी एवं सम्मान समारोह में डा.राजेन्द्र कुमार जैन के साथ में श्रीमती उर्मिला जैन को भी श्री महावीर जी क्षेत्र के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल , सम्भाग के अध्यक्ष उमरावमल संघी, राजस्थान जैन सभा के महामन्त्री मनीष बैद ,पार्श्वनाथ चैतालय के अध्यक्ष राजकुमार सेठी, श्री मुनिसंघ सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियावाद , विजय दीवान, प्रकाश संघी, शांति लाल गंगवाल, श्रीमती सुरीला सेठी, श्रीमती शीला पाटनी एवं श्रीमती मीना जैन ने तिलक, माला, साफा, शाल, प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। वर्तमान में डा. राजेन्द्र कुमार जैन अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों में विभिन्न पदों पर रह कर समाज में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन, राष्ट्रीय दिगम्बर जैन महासमिति, दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल, महावीर इंटरनेशनल ( ग्रेटर ), लॉयंस क्लब (मेट्रो)।

### उदयपुर टेन्ट क्रिकेट लीग-सीजन 2

# राजकमल सुपरकिंग्स टीम बनी सिरमौर




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** उदयपुर टेन्ट व्यवसायी समिति की ओर से ओपेरा गार्डन में चल रही डे-नाईट उदयपुर टेन्ट क्रिकेट लीग-2024 सीजन 2 प्रतियोगिता सोमवार को सम्पन्न हुई। इसमें राजकमल सुपरकिंग्स टीम ने कमल थन्डर बोल्ट को हराकर डे-नाईट खिताब पर कब्जा जमाया। समिति अध्यक्ष सुधीर चावत ने बताया कि फाइनल मुकाबले में राजकमल सुपर किंग्स कप्तान गौरव शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अरबाज पठान के 20 एवं सुनील हिंगड़ के 18 रनों की बदौलत 8 ओवर में 64 रन का स्कोर खड़ा किया। स्कोर का पीछा करने उतरी कमल थन्डर बोल्ट की टीम राजकमल सुपरकिंग्स की सधी गेंदबाजी व बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के आगे मात्र 50 रन पर ढेर हो गयी। सुनील हिंगड़ को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, विशिष्ट अतिथि डीएस ग्रुप के अमित कुमार, अरिहन्त आर्ट्स की अनीता चावत व हेमेन्द्र तलेसरा एवं सीके मोटर्स के वरुण मुर्डिया ने विजेता टीम को ट्रॉफी व अन्य खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। **-रिपोर्ट/ फोटोः योवंतराज माहेश्वरी**

# गिरीश को अमरीकन यूनिवर्सिटी से मिली डाक्टरेट उपाधि




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा गिरीश मेहता को डॉक्टरेट की उपाधि व गोल्ड मैडल से नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में मेहता को ''बिजनेस मैनेजमेंट एवं सोशल वर्क'' में पिछले दो दशकों में किए उत्कृष्ट कार्यों व उपलब्धियों के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि के साथ गोल्ड मैडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। बता दें, मेहता को व्यापार के क्षेत्र में भी कई बार इंटरनेशनल अवार्ड मिले हैं वह उन्हें विदेश भेजा गया, साथ ही सामाजिक कार्य क्षेत्र में भी इन्हें इंटरनेशनल अवार्ड प्राप्त हुए हैं। **रिपोर्ट/फोटो : दीपक सिंधल**

# गुलाबीनगर ग्रुप का क्षमावाणी कार्यक्रम सम्पन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गुलाबीनगर ग्रुप का क्षमावाणी कार्यक्रम 29 सितंबर को होटल G-GOPALA में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक किरण विनोद झाँझरी व चंदा चंद्रप्रकाश छाबडा ने धार्मिक मनोरंजन हाऊजी व अन्य हाऊजी खिलाकर सदस्यों का मनोरंजन किया तथा कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर ढंग से सम्पादित किया। कार्यक्रम में सरंक्षक सुरेन्द्र पांड्या, विशिष्ट परामर्शक पदमचंद भांवसा, परामर्शक मदुर्ला पांड्या, परामर्शक महेन्द्र पाटोदी व निवर्तमान अध्यक्ष सुनील बज ने उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अध्यक्ष सुशीला बड़जात्या ने विस्तृत रूप से आगामी प्रस्तावित तीर्थकरों की जन्म स्थली की धार्मिक यात्रा कार्यक्रम के बारे में बताया तथा समाज की बेटी समाज में रहे फेडरेशन द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन के बारे में बताया। अंत मे सभी सदस्यों से स्वयं व गुलाबीनगर की कार्यकारिणी की तरफ से क्षमायाचना की। सभी सदस्यों ने अल्पाहार व स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ लिया। सरंक्षक सुरेन्द्र पांडया ने भी सभी सदस्यों से क्षमायाचना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव महावीर पांड्या ने सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

# लेकसिटी के राजबाग में होगा नौ दिवसीय डांडिया रास

### दो दिन प्रवेश रहेगा निःशुल्क



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** लेकसिटी में माली कॉलोनी, सौ फीट रोड स्थित राजबाग में नवरात्रि के उपलक्ष में नौ दिवसीय डांडिया रास रंगरात्रि 2024 का भव्य आयोजन होगा। इसमें प्रारम्भ के दो दिनों तक प्रवेश निःशुल्क रहेगा। आयोजक अंकित सुहालका एवं अक्षय जैन ने बताया कि यह नौ दिवसीय आयोजन शाम 7.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूर्ण रूप से पारम्परिक एवं भक्ति भाव के साथ पूर्ण मर्यादित रहेगा। आयोजन के दौरान सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन में प्रवेश आधार कार्ड के माध्यम से होगा ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था की कोई गुंजाईश नहीं रहें। साथ ही सभी के लिए मर्यादित एवं पारम्परिक पोशाक अनिवार्य होगी। डांडिया रास में जो भी गाने बजेंगे वह माता की भक्ति के ही होंगे। यानी फिल्मी गानों पर पूर्ण पाबन्दी होगी। आयोजन में रोजाना 300 से 400 माता के भक्तों द्वारा डांडिया करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा नौ दिनों के दौरान कुछ सेलेब्रेटी में आयोजन में शिरकत करेंगे।

रिपोर्ट/फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप'

# संगिनी मेवाड़ : स्पोर्ट्स कार्निवल में आधी दुनिया ने दिखाया दम

**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जेएसजी मेवाड़ रीजन संगिनी फोरम की ओर से सोमवार को विद्याभवन स्कूल में स्पोर्ट्स कानिर्वल आयोजित हुआ। कार्यक्रम समन्वयक मधु खमेसरा व डॉ. कौशल्या जैन ने बताया कि इसमें संगिनी यूनिक टीम प्रथम, संगिनी विजय द्वितीय और संगिनी अरहम टीम तृतीय रही। टूनामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आरती जैन रही। वहीं, मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संगिनी यूनिक की चार्मी जैन, संगिनी विजय की ललिता बापना और संगिनी यूनिक की आरती जैन रही। सीरीज की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज नलिनी मेहता तथा सर्वश्रेष्ठ फील्डर कशिश पोरवाल रही। इधर, कैरम प्रतियोगिता में डॉ. अनिता दलाल प्रथम, शीतल पोरवाल द्वितीय, डॉ.पुष्पा कोठारी तृतीय रही। टेबल टेनिस में सुशीला माण्डावत,केसर पोखरना एवं आशा मोगरा तथा बैडमिन्टन में डॉ. शिखा लोढ़ा, ज्योति बोहरा और करिश्मा सिंघटवाड़िया विजेता रही। बाद में अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

रिपोर्ट/फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'




# शरीर में तेजी से पहुंच रही है माइक्रो प्लास्टिक, आखिर कहां से हो रही है एंट्री?



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।



**माइक्रो प्लास्टिकः** आज कल की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत ध्यान रखना बिल्कुल खत्म हो गया है। शायद यही वजह है कि शरीर में माइक्रो प्लास्टिक को एंट्री आसानी से मिल रही है। एक स्टडी में कहा गया है कि प्लास्टिक में करीब 10,000 तरह के केमिकल पूरी दुनिया में बिना रोकटोक मिलाए जा रहे हैं। चीन सबसे ज्यादा प्लास्टिक प्रदूषण फैला रहा है। माइक्रोप्लास्टिक पर एक रिसर्च से बड़ा खुलासा हुआ है। इसमें माइक्रोप्लास्टिक पर करीब 7000 स्टडीज पर एक विश्लेषण किया गया है। साइंस मैगजीन के मुताबिक एक रिसर्च पेपर से पता चला है कि 20 सालों से धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक जंगली जानवरों में और लोगों के शरीर में कई कण की मौजूदगी पाई गई है। माइक्रोप्लास्टिक बड़े पैमाने पर फैले हुए हैं। इस स्टडी से पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक खान-पान के जरिए शरीर के अंदर आसानी से आ रही है। माइक्रो प्लास्टिक के कण शरीर में तेजी से बढ़ रहे हैं। सेहत के लिए यह किसी टाइम-बम की तरह बन चुके है। यह जानलेवा साबित हो सकता है। प्लास्टिक में करीब 10,000 तरह के केमिकल पूरी दुनिया में बिना रोकटोक मिलाए जा रहे हैं। चीन सबसे ज्यादा प्लास्टिक प्रदूषण फैला रहा है। इसके बाद इंडोनेशिया है। मानव शरीर में माइक्रो- प्लास्टिक पहुंचाने का सबसे बड़ा जरिया समुद्री मछलियां बन चुकी हैं। अनुमान है कि 2050 तक समुद्र में पहुंचे प्लास्टिक का वजन मछलियों के कुल वजन से ज्यादा होगा।

**जानिए क्या है माइक्रो प्लास्टिकः** प्लास्टिक के बहुत छोटे टुकड़ों को माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। इनकी लंबाई 5 मिलीमीटर या उससे कम होती है। 5 मिलीमीटर से छोटे 12 से लेकर 1 लाख तक प्लास्टिक कण रोजाना शरीर में पहुंच रहे हैं। एक साल में 11,845 से 1,93,200 माइक्रो प्लास्टिक कण शरीर में पहुंचते हैं। इनका वजन 7.7 ग्राम से 287 ग्राम तक होता है। दुनिया को प्लास्टिक का सीमित प्रयोग ही एक हल है। प्राचीन आयुर्वेद सिद्धांतों की ओर अब लोटने का समय आ गया है।

# गऊमाताओं को गुड,खोपरा एवम दलिया की सेवा अर्पण कर पुण्य कमाया



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा क्लब की प्रथम महिला लायन आशा राठी के माता- पिता श्यामसुन्दर बियानी- सुलोचना बियानी के सहयोग से नागफानी स्थित आनंद गोपाल गऊशाला की अशक्त गऊ माताओं को गुड ,खोपरा दलिया अर्पण कराया गया। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में गऊ माताओं को गुड,खोपरा एवम दलिया अर्पण कराया गया इस अवसर पर गऊशाला के महंत सरजूदास जी महाराज ने क्लब सदस्यो को आशीर्वाद दिया।

# आचार्य ज्ञानसागर ने देश को गौरवान्वित किया: नरेन्द्रसिंह तोमर





## ज्ञानतीर्थ पर हुआ वार्षिक महामस्तकाभिषेक

**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना। जैन संत आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज ने मुरैना ही नहीं बल्कि देश को गौरवान्वित किया है । भले ही पूज्यश्री आज हमारे बीच शरीरी अवस्था में नहीं हैं, किंतु उनके दिए हुए संस्कार, उनके संदेश, उनके उपदेश हमारे हृदय में अंकित हो गए हैं जो सदैव ज्ञानसागर को जीवंत बनाए रखेंगे। मैं व्यक्तिगत रूप से भी अपने आपको अर्ध जैन मानता हूं। मुझे अनेकों अवसर पर सैकड़ों बार आचार्य ज्ञानसागर से रूबरू होकर आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिलता रहा था । उनके द्वारा ज्ञानतीर्थ के रूप में स्थापित की गई अनुपम कृति आज एक बड़े तीर्थ का रूप ले चुकी है । उक्त उद्गार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर ने ज्ञानतीर्थ पर आयोजित वार्षिक मेला एवम महामस्तकाभिषेक के अवसर पर जैन समाज को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर मंचासीन युगल मुनिराज श्री शिवानंद जी महाराज एवम मुनिश्री प्रश्मानंद जी महाराज ने नरेंद्रसिंह तोमर को आशीर्वाद देते हुए कहाकि भगवान महावीर स्वामी के 2550वें कल्याणक के उपलक्ष्य में मुरैना नगर में एक भगवान महावीर कीर्ति स्तंभ का निर्माण होना चाहिए। साथ ही साधु संतों का समाधिमरण होने पर दाहसंस्कार हेतु एक अलग से स्थान होना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक पंकज जैन (बंदना साड़ी) एवम संयोजक राहुल जैन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार युगल मुनिराजों के पाद प्रक्षालन एवम भगवान आदिनाथ की शांतिधारा करने का सौभाग्य पटेल नगर दिल्ली निवासी चौधरी मोहित जैन 'चीकू' शुभम जैन को प्राप्त हुआ। मूलनाएक भगवान आदिनाथ जी के प्रथम कलशाभिषेक बकीलचंद, नीरज, पंकज, राजीव विवेक विहार दिल्ली ने किए । इस पावन अवसर पर रोहित जैन आर्टिटेक्ट ग्वालियर को जिनेंद्र प्रभु के सिर पर छत्र लगाने का एवम पंचाराम राजीव जैन शकरपुर दिल्ली व प्रेमचंद पंकज जैन मुरैना को चवर प्रदान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। महामस्तकाभिषेक से पूर्व अनिल शाह ग्वालियर द्वारा ध्वजारोहण, संतोष गौरव रानू चिराग जैन विराट नगर दिल्ली द्वारा चित्र अनावरण, अरुणकुमार संतोष दिग्विजय धनंजय विवेक विहार ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आचार्य श्री ज्ञानसागर जी के परम भक्त मनोज जैन बाकलीवाल आगरा ने किया। कार्यक्रम के मध्य सभी धार्मिक क्रियाएं बाल ब्रह्मचारी नितिन जैन भैयाजी खुरई एवम जबलपुर से पधारे भैयाजी ने संपन्न कराई। ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी, रेखा दीदी, सरिता दीदी, ललिता दीदी के निर्देशन में सभी कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रम में मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, मुरैना नगर निगम की महापौर सरला सोलंकी, मुरैना भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन, योगेश जैन खतोली वाले दिल्ली सहित हजारों की संख्या में गुरुभक्त मौजूद थे। इस अवसर मुरैना के युवा साथियों द्वारा स्वल्पाहार एवम आयोजन समिति द्वारा सभी के लिए वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया था।

# अंतर्राष्ट्रीय वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन के फार्म का विमोचन

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा इंदौर में 15 दिसम्बर को होगा आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर की फेडरेशन द्वारा 14 दिसम्बर 2024 को दस्तूर गार्डन, इंदौर में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन , के सन्दर्भ में जयपुर रीजन के पदाधिकारियों की एक सभा दिनांक 27 सितंबर 2024 को सांय 8:00 बजे से दुगापुरा जैन मंदिर परिसर में आयोजित की गई । सभा में कार्यकारणी



सदस्यों तथा यश कमल अजमेरा राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, की गरिमा मई उपस्थिति रही। रीजन महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या की अध्यक्षता में आयोजित सभा में परिचय सम्मेलन के मुख्य सूत्रधार यश कमल अजमेरा ने अंतर्राष्ट्रीय वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन , पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बताया कि फार्म संकलन करने की अंतिम तिथि 1 दिसम्बर 2024 निश्चित की गई है फॉर्म ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरीके से भरे जा सकते हैं फार्म का रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹900 प्रति फॉर्म रखा गया है। सम्मेलन की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा सकेंगे। रीजन अध्यक्ष व मुख्य सूत्र धार तथा रीजन सचिव, कोषाध्यक्ष ने सभी ग्रुप अध्यक्षों के साथ कार्यक्रम के रजिस्ट्रेशन फार्म का विमोचन किया जो कि सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया तथा निवेदन किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म भरने जाकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। भट्टारक जी की नसिया मे रीजन कोषाध्यक्ष पारस कुमार जैन के अधिनस्थ फार्म एकत्रित किए जाएंगे। सभी उपस्थित ग्रुप अध्यक्ष, सचिव, सदस्य गण का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

# राज्यस्तरीय अहिंसक शाकाहार पोस्टर प्रतियोगिता में वर्तिका जैन झोटवाड़ा प्रथम, पायल जैन रेनवाल द्वितीय

### ऐसी प्रतियोगिताओ से धर्म प्रभावना के साथ जन मानस पर गहरा प्रभावः आचार्य वसुनन्दी, धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रान्त द्वारा आयोजित प्रतियोगिता को खूब मिली सराहना



**फिरोजाबाद. शाबाश इंडिया।** अहिंसक आहार वर्ष के दौरान आचार्य वसुनंदी महाराज के आशीर्वाद एवं आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी के निर्देशन में अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत द्वारा राज्य स्तरीय अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सम्पूर्ण राजस्थान के अलग अलग शहर के 44 स्थानीय संयोजकों के सहयोग से 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर अहिंसक आहार विषय पर व्यापक पोस्टर बनाएं। संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने अवगत कराया की प्रतियोगिता के तिजारा से आर्यिका श्री से प्राप्त परिणाम फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश में आयोजित धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय अधिवेशन में आचार्य श्री 108 वसुनन्दी महाराज के सानिध्य में घोषित किए गए प्रथम पुरस्कार




झोटवाड़ा जयपुर की वर्तिका जैन पाटनी को , द्वितीय पुरस्कार किशनगढ़ रेनवाल की पायल जैन बाकलीवाल को व तृतीय पुरुष्कार आँचल जैन कोटा के नाम घोषित किया गया । प्रतियोगिता में मुख्य संयोजक इंजी प्रेम चन्द जैन छाबड़ा ने बताया की इसके अलावा राज्य स्तर पर 33 प्रतियोगियों के नाम सांत्वना पुरुष्कार हेतु घोषित किए गए। प्रतियोगिता मुख्य समन्वयक संजय जैन बड़जात्या कामां के अनुसार पोस्टर्स की प्रदर्शनी पहले तिजारा में लगी तो पुनः फिरोजाबाद में प्रदर्शित की। प्रदर्शनी का आचार्य श्री ने ससंघ व प्रांतीय पदाधिकारियों ने अवलोकन किया। आचार्य संघ सहित दर्शनार्थियों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। आचार्य श्री ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से जनमानस में विस्तृत प्रभावना तो होती ही है साथ ही लोगो तक आसानी से जानकारी पहुँचती है और उनके जीवन पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। बहुत से लोगों ने पोस्टर्स को देखकर आजीवन जंक व फास्ट फूड आदि का त्याग किया है। महामंत्री सुनील पहाड़िया व कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया ने बताया कि जयपुर में आयोजित आगामी कार्यक्रम में विजेताओं व संयोजकों को पुरुष्कृत किया जाएगा।

# मिशन ग्रीन आई जी एन के अंतर्गत वृक्षारोपण किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मिशन ग्रीन आई जी एन के अंतर्गत गोपाल सेवा भाव समिति द्वारा इंदिरा गांधी नगर में वृक्षारोपण अभियान विभिन्न सेक्टर में चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत MIG/B सेक्टर -3 के पार्क मे वृहद वृक्षा रोपण अभियान चलाया गया, जिसमें छायादार वृक्ष यथा पीपल, बरगद, गुलर, औषधीय वृक्ष यथा अर्जुन( अर्जुन की छाल हदय रोगों में लाभकारी होती है।) एवम फलदार पौधे आम, पपीते इत्यादि के लगाए गए। इस अवसर पर डॉ अशोक दुबे, संदीप शर्मा, कपिल पचौरी, रविंद्र टांक, पुनीत जैन, भुवनेश कुमार अग्रवाल, रमेश भारद्वाज , मनीष शर्मा, श्रीमन मीणा, महेंद्र चौधरी, माधो सिंह मीणा आदि सेक्टर निवासियों की उपस्थिति रही। साथ ही बच्चो नें भी वृक्षारोपण कार्यक्रम मे उत्साहपूर्वक भाग लियाऔर श्रमदान किया।

# स्वर्ण जयंती वर्ष पर महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र निरंतर सेवा में अग्रसर



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वर्ण जयंती वर्ष के निमित तीसरे माह में नियमित सेवा प्रकल्पों के साथ सेवा प्रकल्प एवं कार्यों की श्रृंखला में जरूरतमंदो को भोजन सेवा प्रकल्प के तहत आज सोमवार, दिनांक 30 सितंबर 2024 को साय 5:30 बजे थियोसोफिकल सोसाइटी में निवासरत 72 दिव्यांग एवम साधारण बच्चो को भामाशाह सेवाभावी वरिष्ठ सदस्य वीर दौलत सिंह भंसाली की माताजी स्वर्गीय श्रीमती चंदा कंवर भंसाली एवं भ्राता श्री स्व.श्री दिलखुश जी भंसाली कि स्मृति में जरूरतमंद 72 बच्चों को भंसाली परिवार एवं वीर दौलत सिंह जी भंसाली की 40 वर्षो से चली आ रही फतहसागर की मित्रमंडली द्वारा फलाहार, बिस्किट्स, मिठाई नमकीन, टॉफी आदि के साथ भावपूर्ण प्रेम से सभी बच्चो को नाश्ता करवाया गया। उपरोक्त सेवा प्रकल्प में वीर भंसाली के मित्रो में सुभाष मेहता, संपत टांक, मांगीलाल साहू, राजकुमार चौधरी, नारायण तेली एवम महावीर इंटरनेशनल परिवार से अध्यक्ष वीर सुनील गांग, सचिव वीर रवींद्र सुराणा, वीर दौलत सिंह भंसाली, वीर नवल सिंह खमेसरा, वीरा कृष्णा भंडारी, वीरा स्वराज जैन, वीरा प्रेमलता भंसाली, श्रीमती यशवंत भंसाली की विशिष सेवाएं रही। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र की ओर से आप सभी सेवाभावी बंधुओं को साधुवाद एवं अभिनंदन।

# पांड्या की स्मृति में राजकीय कन्या महाविद्यालय में भेंट किया वाटर कूलर व वाटर डिस्पेंसर

**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया**

मास्टर भंवरलाल मेघवाल राजकीय कन्या महाविद्यालय, सुजानगढ़ में स्व. आनंदीलाल जी पांड्या, सुजानगढ़ निवासी गुवाहाटी प्रवासी की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र शैलेंद्र एवं पुत्रवधू श्रीमती इंद्रा पांड्या परिवार के सौजन्य से सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वावधान में वाटर कूलर व वाटर डिस्पेंसर भेंट करने के उपलक्ष में कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर महाविधालय को समिति द्वारा 2 लेक्चर स्टैंड भी भेंट किए गए। विधा की देवी मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज आगंतुक अतिथियों ने किया। समिति के उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी ने आयोजन विषयक जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपरिषद सभापति नीलोफर गौरी ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य मुश्किल नही होता, उसको करने की दृढ़ इच्छा शक्ति मन में होनी चाहिए। महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में सफलता हासिल कर देश व समाज की कीर्ति को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिगम्बर जैन समाज के संरक्षक खेमचंद बगड़ा ने स्वर्गीय सरावगी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे दीन हीन असहाय व जरूरतमंद की सेवा निस्वार्थ भाव से हर समय करने के लिए तत्पर रहते थे। उनका जीवन अन्य लोगों के लिए एक मिशाल है।सुजलांचल विकास समिति निरंतर नगर में सामाजिक सरोकार के उल्लेखनीय कार्य कर रही है, जिसके लिए समिति प्रशंसा की




पात्र है। श्री दिगम्बर जैन समाज के मंत्री पारसमल बगड़ा ने इस पुनीत कार्य हेतु भामाशाह पांड्या परिवार का आभार प्रकट किया। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दिगम्बर जैन समाज के उपाध्यक्ष लालचंद बगड़ा, प्रबंधकार्यकारणी सदस्य संतोष गंगवाल, समिति की अध्यक्ष श्रीमती उषा देवी बगड़ा,सचिव विनीत कुमार बगड़ा,समाज सेविका श्रीमती मीनू देवी बगड़ा, श्रीमती मंजू देवी बाकलीवाल एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।प्राचार्य डॉ प्रेम बाफना ने आए हुए महानुभावों एवं सुजलांचल विकास समिति के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि समिति के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र में अनेक जनहितार्थ कार्य संपन्न हुए हैं। समिति के सदस्य अनेक भामाशाहों के प्रेरक बन उनसे सामाजिक क्षेत्र में परोपकार के कार्य करवा रहें हैं। विभिन्न संस्थाओं और लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरने के कारण समिति ने क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना ली है। भविष्य में भी महाविद्यालय को समिति का सहयोग मिलेगा ऐसी अपेक्षा है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ प्रियंका शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक डॉ भारती शर्मा, ओमप्रकाश कालवा, डॉ जितेंद्र सैनी, डॉ अंजू खीचड़, डॉ कोमल तूनवाल, दिनेश रिणवा और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा 22 वी पदमपुरा पदयात्रा आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** युवा परिषद मानसरोवर संभाग मानसरोवर के अध्यक्ष अशोक बिंदायका (जोला वाले) एवम महामंत्री पारस जैन बोहरा (दूदू वाले) ने बताया कि दिनांक 28.09.2024 शनिवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ से समाज के गणमान्य लोगों के सानिध्य मे पदमपुरा पदयात्रा रवाना हुई ' मानसरोवर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों से लगभग 250 लोगो को इस पदयात्रा में जोड़ा गया ' महिलाए पुरुष बच्चे सभी पदयात्रा मे शामिल हुए ' सभी श्रावक नाचते झूमते झूमते शनिवार देर रात पदमपुरा पहुंचे ' रविवार को सुबह परिषद द्वारा 48 दीपकों द्वारा संगीत मय भक्तामर पाठ किया गया ' दीप प्रज्वलन परिवार महावीर , शकुंतला , रवि रेणु गोदिका परिवार दुर्गापुरा निवासी द्वारा किया गया ' उसके बाद सभी पदयात्रियों के लिए परिषद द्वारा वात्सल्य भोज की व्यवस्था भी की गई । एवम सभी पदयात्रियों को आकर्षक पुरस्कार भी दिया गया ' सभी पुण्यार्जक परिवार एवम सभी मंदिर सयोजको का



सम्मान भी किया गया ' कार्यक्रम में परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन एवम परिषद के परम शिरोमणि सरक्षक डॉ राजीव जैन, एवम सतीश कासलीवाल, अंजू जैन,परिषद के पदाधिकारी नीरज जैन,रवि गोदिका,रुचि सेठी,अमित बाकलीवाल, रोमेश जैन,आशा बकलीवाल, रेणु बक्शी,चेतन जैन,राकेश पाटोदी,महेश जैन,संजय जैन,नीति जैन,अंकुर जैन,रतन सोगानी,लक्ष्य जैन,सपना जैन,अर्हम जैन,मनीष जैन,युवा परिषद के आदि सदस्य मौजूद रहे ' अंत मे परिषद के महामंत्री पारस जैन बोहरा ने आने वाले सभी अतिथि गण,जैन समाज के गणमान्य लोग, एवम सभी पदाधिकारियों,सभी मंदिर सयोजको को धन्यवाद ज्ञापित किया ' सभी पदयात्रियों के लिए बस की व्यवस्था भी की गई।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप स्वस्तिक का गेट टू गेदर कार्यक्रम संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप स्वस्तिक जयपुर द्वारा दिनांक 29 सितंबर , रविवार को सुबह 11 बजे से ग्रुप का गेट टुगेदर प्रोग्राम, सामूहिक क्षमावणी, 3.30 बजे तक संपन्न हुआ।ग्रुप के अध्यक्ष सतीश बाकलीवाल ने सभी साथियों का स्वागत, अभिनंदन किया। दीप प्रज्वलन डॉक्टर मीनाक्षी कासलीवाल ने किया।मंगलाचरण मधु बाकलीवाल, शकुन बड़जात्या , रेखा ठोलिया, मीनाक्षी ने किया। सचिव अजीत बड़जात्या और श्रीमती कमलेश बाकलीवाल ने जन्मदिन वाले और शादी की वर्षगांठ वाले साथियों का माला पहनाकर सम्मान किया। अजीत ने, रेखा ने एक एक कविता सुनाई। सुशील ने चुटकुला सुनाया। जीव दया के लिए साथियों ने बढ़ चढ़ कर जीव दया मंत्री चेतन को राशि जमा कराई। अजय छाबड़ा ने अपनी जगह दे कर शानदार व्यवस्था करवाई। श्रीमती किरण जैन और शकुन बाकीवाला ने हाऊजी और एक मजेदार गेम खिलाया। कोषध्यक्ष पवन जी ठोलिया ने धन्यवाद दिया।

# सिकन्दरा के दिगम्बर जैन मंदिर में गूंजे जयकारे

## महावीर जी पदयात्रियों ने की सामूहिक पूजा अर्चना, जयपुर से श्री महावीर जी की 38 वीं पदयात्रा का सिकन्दरा के जैन समाज ने किया भव्य स्वागत-पदयात्रा बुधवार को पहुंचेगी श्री महावीरजी



**सिकन्दरा /जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में शुक्रवार 27 सितम्बर को संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं संयोजक भाग चन्द गोधा के नेतृत्व में संघीजी की नसिया खानिया से रवाना हुई जयपुर से श्री महावीर जी की 38 वीं पदयात्रा के सोमवार 30 सितम्बर को सिकन्दरा के दिगंबर जैन मंदिर पहुचने पर सिकन्दरा जैन समाज की ओर से भावभीना स्वागत-सत्कार किया गया।
पदयात्रा की सह संयोजक कुसुम सेठी एवं क्षेत्रीय सह संयोजक विक्रम जैन खोराबीसल ने बताया कि पदयात्रियों ने स्नानादि के बाद मंदिर जी में संगीतमय सामूहिक पूजन की जिसमें पारस प्यारा लागो जिनेश्वर प्यारा लागो.... सहित भक्ति संगीत पर सुभाष चन्द जैन,भाग चंद गोधा, सुशील जैन, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, सुरेश ठोलिया,सलिल जैन,महेन्द्र गिरधरवाल,राज कुमार बडजात्या, जिनेन्द्र जैन, देवेन्द्र गिरधरवाल,पवन जैन, विजय बैनाडा, दीपा गोधा, मोना जैन आदि ने नृत्य प्रस्तुति दी। अन्त में श्री जी के कलशाभिषेक किये गये। माल का पुण्यार्जन समाजश्रेष्ठी राजेश हर्षित अजमेरा महावीर नगर निवासी ने किया।
कार्यकारिणी सदस्य सुरेश ठोलिया एवं सूर्य प्रकाश छाबड़ा ने बताया कि
इस मौके पर समाज की ओर से पदयात्रा संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, संयोजक भाग चन्द गोधा का सम्मान किया गया।
इस मौके पर सह संयोजक सुशील जैन सोभाग मल जैन,दिनेश पाटनी,महेश जैन, राजेश शाह, सुमित जैन, कुसुम सेठी एवं मोना जैन , क्षेत्रीय सह संयोजक जितेन्द्र गंगवाल (जोबनेर)
मुकेश पाटनी (चौमूं)
अंकित जैन (बगरुं)
नितेश जैन (अजमेर)
विक्रम जैन (खोराबीसल )
शैफाली काला (धौंद)
विमल जैन (धूंधडी)
सतीश जैन (खाटू श्याम जी ) सहित पदयात्रा के पूर्व संयोजक सुरेश ठोलिया, कुन्थी लाल रावंका सूर्य प्रकाश छाबड़ा, सलिल जैन, मैना बाकलीवाल ,महेन्द्र गिरधरवाल, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, देवेन्द्र गिरधरवाल , जिनेन्द्र जैन, पवन जैन सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे। तत्पश्चात पदयात्री प्रातःकालीन भोजन के बाद गीजगढ के लिए रवाना हुए। रात्रि विश्राम तालचिडा स्कूल में किया गया।
सह संयोजक महेश जैन एवं दिनेश पाटनी ने बताया कि पदयात्रा मंगलवार,01 अक्टूबर को प्रातः गुढाचन्द्र जी के दिगम्बर जैन मंदिर पहुचेगी जहा स्थानीय जैन समाज द्वारा पदयात्रियों का भावभीना स्वागत-सत्कार किया जाएगा। मंदिर में पूजा, भक्ति संगीत, कलशाभिषेक आदि के आयोजन होगें। पदयात्रा संघ के प्रचार प्रभारी विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार सायकांल पदयात्रियों द्वारा नादोती के महावीर पब्लिक स्कूल में धार्मिक अन्ताक्षरी का आयोजन किया जावेगा।
संयोजक भाग चन्द गोधा के मुताबिक पदयात्रा खेडला-खेडली होते हुए बुधवार,02 अक्टूबर को श्री महावीर जी पहुचेगी।पदयात्री श्री महावीर जी में विशाल जुलूस के साथ भगवान महावीर के दरबार में पहुंच कर दर्शन लाभ लेंगे। मंगल प्रार्थना एवं सामूहिक क्षमापना समारोह के बाद दोपहर में पदयात्री सम्मान समारोह होगा। सायंकाल महाआरती तथा भक्ति संध्या के आयोजन किए जाएंगे।

# मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में श्रमण सिद्धांतों पर आधारित अर्हं ध्यान योग कार्यशाला बुधवार 2 अक्टूबर को सवाई मानसिंह स्टेडियम में




## सर्व समाज के हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य अर्हं योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर महाराज की प्रेरणा से अर्हं ध्यान योग जयपुर में विशाल योगशाला आयोजित करने जा रहा है। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति मीरा मार्ग मानसरोवर के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने यह विशेष कार्यक्रम गांधी जयंती के उपलक्ष्य में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार 2 अक्टूबर को प्रातः 5:00 बजे से 7:00 तक होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। जयपुर के सभी इलाकों से एस एम एस स्टेडियम आने जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। प्रातः 6.00 बजे तक स्टेडियम पहुचने वाले लोगो को अर्हं योग की टीशर्ट दी जाएगी। स्टेडियम में टौक रोड, राम बाग गेट एवं अमर जवान ज्योति जन पथ गेट से प्रवेश रहेगा। जो लोग जमीन पर नहीं बैठ सकते उनके लिए कुर्सियों पर बैठने की व्यवस्था रखी गई है इसके लिए प्रवेश टौक रोड पर अर्जुन की मूर्ति वाले गेट से रहेगा।
आयोजन से जुड़े हुए विनोद जैन कोटखावदा एवं लोकेन्द्र जैन ने बताया कि अर्हं ध्यान योग आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का ऑफिशियल पार्टनर है। ध्यान योग के माध्यम से यह अनूठा प्रयास देश-विदेश में लाखों लोगों को स्वस्थ और समृद्ध जीवन जीने की कला प्रदान कर रहा है। विगत वर्षों में अर्हं ध्यान योग ने दिल्ली के लाल किला, आगरा के ताजमहल, खजुराहो मंदिर प्रांगण, फतेहपुर सीकरी, झांसी जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर अपने सफल योग कार्यक्रमों की अमिट छाप छोड़ी है, जिसमें हजारों लोगों ने सहभागिता निभाई है। आयोजन से जुड़े हुए प्रदीप जैन एवं जे के जैन नेमीसागर ने बताया कि अब अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाने जाने वाले यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, गुलाबी नगरी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में, जिसे देश के क्रिकेट प्रेमी भव्यता के लिए जानते हैं, यह आयोजन और भी विशेष होगा। इसमें विभिन्न सरकारी अधिकारी, राजनेता, सामाजिक गणमान्य व्यक्ति, युवा वर्ग, महिला वर्ग, देश भर के अनुयायी और जैन श्रद्धालुओं सहित सभी समाजों के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों के उपस्थित रहने की संभावना है और इसे लाखों लोग टीवी चैनलों के माध्यम से लाइव देखेंगे। मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने अर्हं ध्यान योग के बारे में बताया कि श्रमण सिद्धांतों पर आधारित अर्हं ध्यान योग से तन स्वस्थ, मन प्रसन्न और चेतन निर्मल होता है।अर्हं ध्यान योग एक ऐसी ध्यान योग पद्धति है जो कि श्रमण सिद्धांतो पर आधारित है। इससे भावनात्मक व मानसिक स्तर मजबूत होता है। इस ध्यान के माध्यम से मन को शांति मिलती है। जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव 6 माह तक एक ही स्थान पर, निश्चल ध्यान में बैठे रहे। ध्यान के माध्यम से उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। इस युग में योग का प्रवर्तन उनसे हुआ है। आज जिम जाकर मसल्स बनाने वाली युवा पीढ़ी भी मानसिक और आत्मिक शांति के लिए अर्हं ध्यान योग की ओर आकर्षित हो रही है। अर्हं ध्यान योग से समग्रता का विचार मजबूत होता है।

# मंगलवार को भट्टारक जी की नसियां में होगा मंगल प्रवेश

**जयपुर।** मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ का सोमवार को मालवीय नगर के सैक्टर 3 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रातः 6.00 बजे मंगल विहार होकर जवाहर नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर प्रबंधकारिणी समिति द्वारा मुनि श्री के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य अगवानी की गई। प्रातः 8.30 बजे मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए जिसमें पार्श्वनाथ कथा का वाचन हुआ। मुनि श्री ने 22 परिषह के बारे में बताया। रात्रि विश्राम जवाहर नगर जैन मंदिर में ही हुआ।